# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय समाचारिकी
# Dr. Sarvepalli Radhakrishnan Rajasthan Ayurved University Newsletter

अक्टूबर 2023 | आयुर्वेदात्मकं ज्योतिः शाश्वतं नः प्रकाशताम्। | वर्ष 6, अंक 02




## इस अंक में .......


- आयुर्वेद में कैरियर की अपार संभावनाऐं : डॉ जुनेजा
- स्वतंत्रता दिवस समारोह का सफल आयोजन
- कुलपति की डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में सहभागिता
- कुलपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के संबंध में राजभवन में आयोजित कुलपति संवाद मेंसहभागिता
- शिक्षक दिवस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन एवं आरोग्यम् स्वास्थ्य पत्रिका और विश्वविद्यालय समाचारिकी व अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के पोस्टर का विमोचन
- कुलपति पद्म श्री प्रो रामहर्ष सह मेमोरियल सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित
- माननीय कुलपति ने विजन 2030 बैठक में भाग लिया
- विश्वविद्यालय चिकित्सालय में पहली बार सिजेरियन सेक्शन डिलीवरी सम्पन्न
- कुलपति के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय में शिक्षकों की ऐतिहासिक पदोन्नति प्रक्रिया सम्पन्न होने पर कुलपति का अभूतपूर्व अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित
- विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार के आयुष विभाग हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्साधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न


RAJBIL/2017/74087

## कुलपति की कलम से ........



स्वस्थ मानव राष्ट्र की बहुमूल्य पूंजी है। भारतीय संस्कृति ने आरोग्य सम्पदा के महत्त्व को अवधारित करते हुए वैज्ञानिक जीवनशैली स्थापित की जो प्रकारान्तर से आयुर्वेदीय चर्चा के रूप में सुख्यात हुई। वर्तमान में भारत के बृहत्तम प्रान्त राजस्थान में स्थित यह विश्वविद्यालय आरोग्य के प्रसार हेतु कटिबद्ध है। वर्तमान में आयुर्वेद यूनानी के साथ–साथ, यूनानी, होम्योपैथी तथा प्राकृतिक चिकित्सा की सेवाएँ भी विगत वर्षो से प्रारम्भ की गई हैं। आई.आई.टी, बी.एस.एफ आदि अनेक स्थानों पर जनसामान्य को चिकित्सा व स्वास्थ्य के लिए आयुष सुविधाएँ उपलब्ध करवाने हेतु आयुष ओपीडी संचालित की जा रही है। इसके साथ ही आयुष सेवा के प्रसार हेतु जोधपुर नगर एवं उपनगरीय क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय द्वारा बालकों में रोगप्रतिरोधक क्षमता के सम्वर्धन एवं विकास हेतु 2016 से सफलता के स्वर्णिम परचम को लहराता स्वर्णप्राशन अभियान प्रतिमाह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर आयोजित हो रहा है। आंगिक चिकित्सालय में सेरेब्रल पाल्सी, निःसन्तानता, आटिज्म, मधुमेह, एककुष्ठ, अस्थमा, सन्धिगतवात, स्ट्रेस मैनेजमेण्ट, अर्श–भगन्दर, आदि रोगों का विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सफल चिकित्सा की जाकर विश्वविद्यालय के गौरव में निरन्तर अभिवृद्धि हो रही है। चिकित्सालय में पंचकर्म, अग्निकर्म, क्षारसूत्र, जलौकावचारणा, मर्म चिकित्सा, आदि के रूप में विशिष्ट चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं। पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े हस्तशिल्प उत्सव में भी विश्वविद्यालय के स्टॉल ने उत्कृष्ट सेवाओं का योगदान कर प्रथम स्थान अर्जित करके विश्वविद्यालय का मान बढाया है।

यदि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों की चर्चा की जाये तो विश्वविद्यालय में नियमित अध्ययन अध्यापन के साथ–साथ विश्वविद्यालय मानव संसाधन केन्द्र द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन मोड पर शैक्षणिक सेमिनार, वर्कशॉप के माध्यम से व्याख्यानों का सतत आयोजन से किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की प्रथम एल्युमिनी मीट–समज्या 2023, षष्ठ दीक्षान्त समारोह, मर्मचिकित्सा पर कार्यशाला ''मर्मज्ञ–23'' एवं शोधप्रविधि पर कार्यशाला शोध–मीमांसा का विश्वविद्यालय के नवर्निमित सुश्रुत सभागार में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन भव्य आयोजनों हेतु विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक संकाय सदस्य तथा प्रशासनिक खण्ड के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी साधुवाद के पात्र हैं।

वर्तमान में नौवें अन्तर्राष्ट्रीय योगदिवस को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के सदस्यों द्वारा जोधपुर के विविध स्थानों पर योगशिविर आयोजित किये गये तथा साथ ही साथ समस्त सम्बद्ध एवं अन्य महाविद्यालयों के लगभग नौ हज़ार लोगों ने जुड़कर इस आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के योगदल ने सूर्यनगरी जोधपुर की ह्रदयस्थली घण्टाघर क्षेत्र में छब्बीस घण्टे का अखण्ड सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन कर विश्व कीर्तिमान में अपनी उपस्थिति दर्ज करवायी है। विश्वविद्यालय के योगदल द्वारा वैश्विक देशों के G-20 समूह के इस वर्ष भारत की अध्यक्षता में समूह के निर्धारित विविध विषयों के अन्तर्गत देश मे विभिन्न शहरों मे हो रहे आयोजनों के अन्तर्गत जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों के समक्ष विश्वविद्यालय के दल द्वारा अविस्मरणीय योगाभ्यास प्रदर्शन का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों से निश्चित रूप से वैश्विक मानचित्र पर विश्वविद्यालय विख्यात हुआ है।

यदि विश्वविद्यालय के उक्त कार्यो का सिंहावलोकन किया जाये तो ज्ञात होगा कि विश्वविद्यालय न केवल श्रेष्ठ चिकित्सकों के निर्माण में तत्पर है, अपितु निःशुल्क कैम्प, सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के आयोजनों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु भी सन्नद्ध है। आज विश्वविद्यालय का प्रत्येक सदस्य विश्वविद्यालय की गरिमामय अभिवृद्धि हेतु पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से तत्पर है। मैं पुनः इस हेतु विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करता हूँ और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूँ और आशा करता हूँ कि सभी प्रकार की गतिविधियॉं सुचारु रूप से संचालित होती रहेगी। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों में आये हुए मुख्य अतिथिगण का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रमों को सफल बनाये रखने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। मैं विशेषरूपेण माननीय कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र, पूर्व कुलपति एवं गुरुओं के गुरु प्रो. वैद्य बनवारी लाल गौड़ तथा माननीय आयुष मन्त्री श्री सुभाष गर्ग का उनके द्वारा समय–2 पर दिये गये मार्गदर्शन हेतु ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ जिनके विना यह कार्य सम्भव नहीं हो पाते।

**प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति**
कुलपति

## यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी के तत्वावधान में आईफ्लू जागरुकता अभियान का आयोजन

यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, जोधपुर की चिकित्सा अधीक्षक डॉ वृशाली वराब्दे के नेतृत्व में दिनांक 29/07/2023 को आईफ्लू की रोकथाम के लिए अभियान भ्ाुरू किया गया। अधीक्षक ने क्या करें और क्या न करें के साथ–साथ आईफ्लू से बचाव के बारे में भी बताया। चिकित्सकों की टीम ने विश्वविद्यालय परिसर में माननीय कुलपति, रजिस्ट्रार, वित्त नियंत्रक और अन्य कर्मचारियों को होम्योपैथी दवाईयॉं वितरित की। इस अवसर पर डॉ नरेन पटवा, डॉ प्रदीप कुमार झा और डॉ के. एम. ओमजी ने भी सेवाएं प्रदान की। इसके उपरान्त दिनांक 02/08/2023 को टीम द्वारा सभी को बूस्टर खुराक प्रदान की गई।



## मधुमेह असंतुलित खानपान एवं गलत जीवन शैली की देनः प्रो. चंदन सिंह

दिनांक 22/07/2023 को राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय भरतपुर द्वारा जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयोजित निःशुल्क मधुमेह रोग जांच चिकित्सा शिविर एवं कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में सम्बोधित करते हुये प्रो. डॉ. चन्दन सिंह प्रोफेसर द्रव्यगुण विभाग ने कहा कि मधुमेह असंतुलित खानपान एवं गलत जीवन शैली की देन है। प्रो. सिंह ने कहा कि मधुमेह रोगियों की बढती संख्या गलत जीवन शैली, जिसमें देर रात तक जागना और सुबह देरी से उठना एवं खानपान में मीठा और चिकनाई का अधिक सेवन करने की वजह से है। उन्होंने कहा कि संयमित जीवन शैली और ऋतुओं के अनुसार संतुलित खानपान और योग व्यायाम को दिनचर्या में शामिल कर लिया जाए तो मधुमेह की संभावना से बचा जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. देवेन्द्र चाहर एसोसिएट प्रोफेसर ने मधुमेह में फायदेमन्द गेंहू, जौ, चना, बाजरा, मक्का आदि मिश्रित अनाजों से बने आटे को उपयोग करने की बात कही। संभागीय समन्वयक डॉ. चन्द्र प्रकाश दीक्षित, प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ. रीना खण्डेलवाल, डॉ. यशपाल सिंह, डॉ कुलदीप शर्मा, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. मोहन स्वरूप शर्मा, डॉ. पिंकी चौहान, डॉ. ललिता मीणा, डॉ. चन्द्रप्रकाश गुणावत, डॉ. राजेन्द्र वैश्णव, डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. नुपुर सिंह ने मधुमेह रोगियों के लिए जीवन शैली एवं

खानपान की जानकारी दी। शिविर में 60 से अधिक रोगियों का परीक्षण कर 20 से अधिक मधुमेह रोगियों को निःशुल्क औशधियां प्रदान की गई।



## "सेमी ऑनलाइन पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स इन क्षार सूत्र थैरेपी" के विभिन्न बैच के ट्रेनीज को प्रमाण पत्र वितरण

स्नातकोत्तर शल्य तंत्र विभाग द्वारा संचालित "सेमी ऑनलाइन पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट कोर्स इन क्षार सूत्र थैरेपी के पंचम, षष्टम, सप्तम तथा अष्टम बैच के 85 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने पर कुलपति महोदय प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलसचिव सीमा कविया, प्रो. डॉ. राजेश कुमार गुप्ता विभागाध्यक्ष शल्य तंत्र, डॉ. विष्णु शर्मा एसो. प्रो., डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. एकता असि. प्रो. भाल्य तंत्र द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इन प्रतिभागियों की 24 दिन ऑनलाइन कक्षा और 6 दिन ऑफलाइन प्रेक्टिकल ट्रेनिंग दी गई।



## कुलपति ने किया सम्बद्ध कॉलेजों का निरीक्षण

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी केकडी के लिए राज्य सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर चल रहे भवन निर्माण कार्य का दिनांक 21/07/23 को अवलोकन किया और वहां कार्यकारी एजेंसी के ठेकेदार को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और कार्य को भीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रदान किए। इसके पश्चात् उन्होंने केकड़ी शहर में नवीन महाविद्यालय के भवन निर्माण तक अस्थायी भवन में संचालित महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की गतिविधियों का गहन निरीक्षण किया और इस हेतु व्यवस्थाओं का श्रेष्ठ स्तर बनाए रखने और निरन्तर सुधार करते रहने के निर्देश प्रदान किए। उन्होनें यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, टौंक के महाविद्यालय और इससे सम्बद्ध बग्घीखाना चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर बग्घीखाना चिकित्सालय भवन को विश्वविद्यालय को सौंपे जाने हेतु जिला कलेक्टर, टोंक से वार्ता की और चिकित्सालय के जीर्ण जीर्ण भवन की मरम्मत हेतु कहा। इन्होंने प्राचार्य व अधीक्षक चिकित्सालय को व्यवस्थाओं की श्रेष्ठता व गुणवता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नोडल ऑफिसर डॉ. राकेश कुमार भार्मा भी उनके साथ रहे।

## विश्वविद्यालय द्वारा स्वर्णप्राशन कार्यक्रम का आयोजन

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद, जोधपुर के कौमारभृत्य पीजी विभाग द्वारा शहर के सात अलग अलग स्थानों संजीवनी आयुर्वेद अस्पताल विश्वविद्यालय परिसर, एम्स जोधपुर, ग्राम घड़ाव, किशोर बालगृह, पूंजला, शनिचर जी का थान और नवजीवन संस्थान में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास के नेतृत्व में किया गया। दिनांक 18/07/2023 को राज्य मंत्री श्रीमती संगीता बेनीवाल अध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण आयोग ने स्वर्णप्राशन शिविर का दौरा किया औरइन केन्द्रों पर आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं पर अपनी संतुश्टि व्यक्त की। कार्यक्रम में डॉ. हरीश कुमार सिंघल, डॉ. दिनेश कुमार राय, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. अशोक यादव, डॉ. दिनेश वर्मा एवं डॉ. जीतेंन्द्र कुमार न अपनी सेवाएं प्रदान कीं।



विश्वविद्यालय एन.एस.एस इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का शुभारम्भ एन.एस.एस इकाई पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद, के द्वारा 18 जुलाई 2023 को हर्बलगार्डन एवं छात्रा छात्रावास में 139 पौधों का रोपणकिया गया। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने सीताफल के पौधे लगाकर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भुभारम्भ किया। इसअवसर पर कुलपति ने बताया कि पौधों का हम खाद्यसामग्री, औषधि के रूप में तो प्रयोग करत ही हैं, साथ ही ये हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते है। सबसे अधिक ऑक्सीजन हमें पीपल एवं वट से (75 प्रतिशत से अधिक) प्राप्त होती है। जाऔशधियां विलुप्तप्राय की श्रेणी में है उन्होंने उनके संरक्षण पर जोर दिया। जिन एन.एस.

एसकार्यकर्ताओं ने पौधे लगाये हैं, उनको सप्ताह मे एक से दो बार इन्हें पानी पिलाने की जिम्मेदारीदी गयी। इस अवसर पर द्रव्यगुण विभाग कविभागाध्यक्ष डॉ. चन्दनसिंह, शरीर क्रिया के विभागाध्यक्ष व बी.एस.सी. नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. देवेन्द्र चाहर, डॉ. विजयपाल त्यागी, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. रामेश्वर डूडी, डॉ. संकल्प शर्मा, डॉ. हेमन्त राजपुरोहित, डॉ. पूजा पारीक व डॉ. दिव्या चारण, डॉ. सतीश ठाकुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पूर्विया एवं एन.एस.एस. कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. भानुप्रिया चौधरी, डॉ. अमित गहलोत, डॉ. निकिता पंवार के निर्देशन में औषधीय महत्व के शतावरी के 50, चित्रक के 50, बिल्व का 1, पारिजात का 1, चमेली का 1, सीताफल के 20, अश्वत्थ का 1, वट का 1, सदाबहार के 14 पौधों का रोपण किया गया।



## मगरा पूजंला स्थित नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में रक्तदान शिविर का आयोजन

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति 17 जुलाई 2023 को मुख्य अतिथि के रूप में मगरा पूंजला स्थित नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित रक्तदान कार्यक्रम में उपस्थित थे। उन्होंने रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका हौसला बढाया और इस नेक काम के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को हेलमेट भी वितरित किए। उन्होंने संस्थान में पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेषक डॉ. राकेश शर्मा, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र कच्छवाहा, डॉ. राजेन्द्र जैन, डॉ. प्रद्युम्न सिंह आदि शिक्षक भी मौजूद थे।



## आयुर्वेद में कैरियर की अपार संभावनाऐं : डॉ जुनेजा

विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास केन्द्र के तत्वाधान में जोधपुर में दिनांक 11/07/2023 को ऑरियेन्टेशन प्रोग्राम ऑन प्रोफेशनल एथिक्स विशयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति एवं मुख्य वक्ता प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक एवं इंडियन वैद्याज डॉट कॉम के संस्थापक डॉ. पीयूश जुनेजा कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे। डॉ. जुनेजा ने सुश्रुत सभागार में उपस्थित स्नातकोत्तर एवं स्नातक पाठ्यक्रमों के अध्येताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश–विदेश में आयुर्वेद की लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता बहुत तेजी से बढ रही है जिसके फलस्वरूप आयुर्वेद स्नातकों और विषेशज्ञों की मांग बढ रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के छात्रों को अध्ययन के समानान्तर उद्यमिता और स्टार्टअप जैसे अपार संभावनाओं वाले विशयों की ओर सोचना चाहिए। डॉ. जुनेजा ने कहा कि आयुर्वेद एक सम्पूर्ण स्वास्थ्य विज्ञान है। पंचकर्म, स्वर्णप्राशन, रसौशधियों इत्यादि के माध्यम से अनेक जटिल रोगों का चमत्कारिक रूप से उपचार करके समाज को स्वस्थ बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों का आव्हान किया कि अध्ययन के साथ उद्यमिता का दृष्टिकोण विकसित करें और इसके लिए अपनी सीखने की क्षमता को बढाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति बढती जागरुकता से आज के समय में आयुर्वेद के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक व्याधियों का प्रभावी समाधान किया जा सकता है, और इसकलिए आयुर्वेद के अध्येताओं को समय की मांग के आधार पर नये स्वरूप में नवाचारों और स्टार्टअपकी ओर आगे बढना चाहिए। डीन रिसर्च प्रो. प्रेमप्रकाश व्यास ने अपने सम्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में स्टार्टअप एवं इनोवेशन सम्बंधी जानकारी एवं जागरुकता के उद्देश्य से कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में अनेक कार्यक्रमों के आयोजन की योजना है। प्लेसमेंट इकाई के प्रभारी प्रो. गोविन्द गुप्ता ने कहा कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर आयुर्वेद अध्येताओं को अपनी क्षमता बढानी चाहिए ताकि वे राजकीय सेवा कअलावा स्वंय के उपक्रम स्थापित कर सकें।कार्यक्रम आयोजक मानव संसाधन केन्द्र कनिदेशक डॉ. राकेश कुमार भार्मा ने अतिथियों का स्वागत किया व कार्यक्रम की रुपरेखा के बारे मबताया। प्राचार्य प्रो. महेन्द्र शर्मा ने भी कार्यक्रम में संबोधन दिया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के बालरोग विभाग द्वारा अपनी दिसम्बर में आयोजित होने वाली अन्तर्राष्ट्रिय कान्फ्रेंस कौमारकॉन 2023 के पोस्टर काअतिथियों के द्वारा विमोचन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संकाय सदस्य, पी.जी.व यू.जी. छात्र उपस्थित रहे।




कुलपति द्वारा मारवाड़ प्रेस क्लब कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने दिनांक 02/07/2023 को मारवाड. प्रेस क्लब के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर आयुर्वेद एवं ज्योतिष के परस्पर समन्वयन के बारे में व चिकित्सा के क्षेत्र में इस समन्वयन में उपयोग के महत्व को इंगित करते हुए एक महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में डीन रिसर्च डॉ. प्रेम प्रकाश व्यास उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर 1008 महाराज श्री ने आशीर्वाद दिया।



## संस्कृत दिवस समारोह का आयोजन

भारत की जीवनपद्धति आयुर्वेद है। आयुर्वेदीयचिकित्सा पद्धति का अपना एक समृद्ध साहित्यहै जिसमें सुश्रुत संहिता, चरक संहिता, काश्यपसंहिता, वाग्भट संहिता, भावप्रकाश, माधव निदानआदि अनेकनेक ग्रंथों का अपार समुद्र प्राप्त होता है तथा यह सभी ग्रंथ संस्कृत भाषा में निबद्ध हैं। आयुर्वेद के अध्ययन की एक विशिष्ट पद्धति हएवं यह विज्ञान, कला और दर्शन का सुंदर समन्वय है। संस्कृत भाषा माध्यम से इन तीना का एक साथ मंजुल समन्वय अभिव्यक्त होता है।इसलिए आयुर्वेद का अध्ययन अनूदित भाषा कीसहायता से करने पर इसकी समग्रता में न्यूनता आती है। इसलिए आयुर्वेद के अध्येताओं को संस्कृत का सामान्य ज्ञान होना आवश्यक है। उक्त उद्गार कुलपति प्रो. वैद्य कुमार प्रजापति ने संस्कृत दिवस के अवसर पर दिनांक30/08/23 को आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। संस्कृत को हम खेल–खेल में किस प्रकार सीख सकते हैं या सामान्य बोलचाल में उनके शब्दों का प्रयोग किस प्रकार कर सकते हैं इस हेतु जागरुकता लाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालयकी ओर से अखिल भारतीय स्तर पर ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनमें संस्कृत भाषा में आत्म परिचय प्रतियोगिता तथा आयुर्वेदके विविध विषयों को लेकर संस्कृत में निर्मित कीगई क्षणिका प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्थानीय स्तर पर विश्वविद्यालय में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत श्लोक अंत्याक्षरी प्रतियोगिता आयोजित की गई।



## अतिथि व्याख्यान का आयोजन

दिनांक 4 अगस्त 2023 को "समसामयिक वैश्विक मंच पर हमारी सभी आयुर्वेद अवधारणाओं का पता लगाने और साक्ष्य प्रमाण बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का सहयोग कैसे करें ß विषय पर आई.आई.टी जोधपुर से जैव विज्ञान और जैव इंजीनियरिंग विभाग की एच.ओ.डी प्रोफेसर मिताली मुखर्जी का एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर, गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में कुलपति द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के पुनर्निर्मित सेमिनार हॉल का भी उद्घाटन किया गया।



अतिथि व्याख्यान का आयोजन दिनांक 4 अगस्त 2023 को कोणार्क सभागार, आर्मी कैंट में रक्षा कर्मियों के समक्ष प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा ज्ञान पर आधारित अतिथि व्याख्यान में आयुर्वेद के द्वारा जन सामान्य की जीवन शैली, स्वास्थ्य रक्षण व सामान्य रोगों से बचाव व सुलभ उपचार के बारे में बताया गया।




## एक माह का सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ

दिनांक 7 अगस्त 2023 को कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति की प्रेरणा से नोडल अधिकारी डॉ. चंद्रभान शर्मा के नेतृत्व में आर्मी स्किल ट्रेनिंग सेंटर, शिकारगढ़ में एक माह का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू किया गया, जिसमें उद्घाटन सत्र में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने जालंधर बंध, उडियान बंध, योग मुद्रा, सिंहमुखी मुद्रा और योगों का अभ्यास किया। इस प्रशिक्षण सत्र में श्री श्यामलाल बिश्नोई एवं श्री सरोज यादव ने अपनी कुशल सेवाएँ प्रदान कीं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक माह तक निरन्तर संचालित हुआ।



## कुलपति द्वारा राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज जयपुर और राजपूताना यूनानी मेडिकल कॉलेज जयपुर का औचक निरीक्षण

दिनांक 12 अगस्त 2023 को कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज जयपुर और राजपूताना यूनानी मेडिकल कॉलेज जयपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इनसे सम्बद्ध अस्पतालों का भी दौरा किया। प्रो. प्रजापति ने छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत की और उन्हें यूनानी चिकित्सा में विश्वास विकसित करने के लिए रोगियों पर अधिक व्यावहारिक प्रदर्शन के साथ—साथ ऑडियो विजुअल प्रस्तुति के लिए प्रेरित किया। प्रो. प्रजापति ने छात्रों को यूनानी चिकित्सा सीखने के लिए अध्ययन करने और बेहतर समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। ताकि वे एक अच्छे यूनानी चिकित्सक बन सकें। उन्होंने कहा कि छात्रों को यूनानी चिकित्सा की विभिन्न प्रभावी चिकित्सा पद्धतियों को सीखना चाहिए और यूनानी की विभिन्न विशयों में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए।



## हर हाथ तिरंगा का पोस्टर जारी

दिनांक 12 अगस्त 2023 को कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत जयपुर में अखिल भारतीय योग एसोसिएशन में योग गुरु श्री राकेश भारद्वाज के साथ हर हाथ तिरंगा का पोस्टर जारी किया।



## स्वतंत्रता दिवस समारोह का सफल आयोजन

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने 77वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के संविधान पार्क में 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देशभक्ति के प्रतीक के रूप में सर्वोत्तम सेवाओं के साथ योगदान देने की अपील करते हुए समारोह को संबोधित किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने कुलपति के नेतृत्व में वीर भद्रासन का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही वि वविद्यालय स्वतंत्रता सेनानियों को संस्था द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जारहें 1 लाख वीरभद्रासन की सलामी देने के विश्व रिकॉर्ड का इवेंट पार्टनर बन गया। कार्यक्रम में योगा बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के आयोजक श्री राकेश भारद्वाज द्वारा कुलपति एवं कुलसचिव श्रीमती सीमा कविया को 21 जून 2023 को घंटाघर, जोधपुर में आयोजित 26 घंटे के नॉनस्टॉप सूर्यनमस्कार के विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कुलपति और रजिस्ट्रार श्रीमती सीमा कविया ने सूर्यनमस्कार के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, पदक एवं मोमेंटो भी वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान कुलपति व कुलसचिव द्वारा मानव संसाधन विकास केन्द्र द्वारा 13 मई 2023 को आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को भी प्रमाण पत्र वितरित किये गये। मानव संसाधन विकास केन्द्र के निदेशक डॉ. राकेश शर्मा ने प्रमाण पत्र वितरण में सहयोग किया। स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय आयुर्वेद फार्मेसी परिसर, आयुर्वेद चिकित्सालय एवं मुख्य द्वार पर वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ किया गया। इसमें द्रव्यगुण विभाग के पी.जी. विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चंदन सिंह और उनकी टीम के नेतृत्व में कुल 300 पौधे लगाए गए। सभी संकाय सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ वृक्षारोपण में भाग लिया और इसे सफल बनाया। इस अवसर पर प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य पीजीआईए, प्रो. गोविंद सहाय शुक्ल पूर्व प्राचार्य, प्रो. राजेश कुमार शर्मा डीन

एकेडमिक, प्रो. पी.पी. व्यास डीन रिसर्च, डॉ. राकेश शर्मा चीफ प्रॉक्टर एवं निदेशक सीएचआरडी, डॉ. गौरव नागर प्रिंसिपल यूसीएच, संकाय सदस्य, गैर–शिक्षण कर्मचारी, अस्पताल कर्मचारी और यूजी और पीजी छात्र उपस्थित थे।



## स्वर्णप्राशन के नये केंद्र का उद्‌घाटन

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशानुसार, रजिस्ट्रार श्रीमती सीमा कविया ने जोणपुर के कुड़ी भगतासनी क्षेत्र में स्वर्णप्राशन के एक नए केंद्र का उद्‌घाटन किया। स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2023 के दिन उक्त क्षेत्र के सीनियर सेकेंड़री स्कूल में आयोजित समारोह में प्रो. प्रेम प्रकाश व्यास डीन–रिसर्च एवं विभागाध्यक्ष और डॉ. हरीश कुमार सिंघल, एसोसिएट प्रोफेसर, पीजी विभाग कौमारभृत्य उपस्थित थे। श्री राकेश चौधरी, सलाहकार, राजस्थान उच्च न्यायालय की किशोर न्याय समिति, श्री बीएल सारस्वत, सहायक निदेशक, बाल अधिकार विभाग और विद्यालय के प्रधानाचार्य इस मौके पर मौजूद रहे। एम्स जोधपुर सहित अन्य केंद्रों में पहले से ही नियमित रूपेण स्वर्णप्राशन किया जा रहा है।




## अतिथि व्याख्यान का आयोजन

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के पीजी विभाग प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग में दिनांक 16 अगस्त 2023 को अतिथि व्याख्यान का आयोजनकिया गया। प्रो भारती कुमारमंगलम, विभागाध्यक्षस्नातकोत्तर प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग विभाग, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने इस अवसरपर ''स्त्रियों में होने वाले गर्भा  ाय संबंधी कैंसर मआयुर्वेदिक पद्धतियों पर अद्यतन विशय'' परअतिथि व्याख्यान दिया। इस सत्र में रजस्वलापरिचर्या, सूतिका परिचर्या, गर्भिणी परिचर्या जैसविषयों पर भी गहन चर्चा हुई। उन्होनें बताया किएलोवेरा, अश्वगंधा और ऐसी अन्य जड़ी–बूटियाअधिकांश कैंसर की रोकथाम करती हैं। आर्सेनिक,सिल्वर कॉपर आदि खनिजों से निर्मित उचित व गुणवत्ता पूर्ण औशधियों से उपचार के साथ–साथ जीवन की गुणवत्ता और दीर्घायु में सुधार होताहै। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति नमुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानितकिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. महेन्द्र भार्मा सहित अनेक शिक्षक और यू.जी. पी. जी. छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रश्मि शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, पीजी विभाग प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग द्वारा दिया गया।



## कुलपति की डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलन में सहभागिता

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति आयुष मंत्रालय के सहयोग से 17 और 18 अगस्त 2023 को गांधीनगर में आयोजित डब्ल्यूएचओ पारंपरिक चिकित्सा वैश्विक शिखर सम्मेलनः सभी के लिए स्वास्थ्य और कल्याण की ओर आयोजित सम्मेलन में उपस्थित हुए। इस अवसर पर देशभर से आयुर्वेद के गणमान्य विद्वान उपस्थित थे। समारोह को केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री मनसुख मांडविया, आयुश मन्त्री श्री सर्वानन्द सोनोवाल, WHO के महानिदे  ाक डॉ. टेड्रोस गेब्रेसस, आयुश सचिव वैद्य राजेश कोटेज आदि ने सम्बोधित किया।



## कुलपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के संबंध में राजभवन में आयोजित कुलपति संवाद में सहभागिता

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने राजभवन, जयपुर में श्री कलराज मिश्र माननीय राज्यपाल की गरिमामय उपस्थिति में दिनांक 25 अगस्त 2023 को राष्ट्रीय शिक्षा

नीति (एनईपी) के संबंध में आयोजित कुलपति संवाद में भाग लिया। इस अवसर पर राजस्थान के समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित थे।




### अतिथि व्याख्यान का आयोजन

डॉ. मनाली त्यागी सहायक प्रोफेसर, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी ने दिनांक 26 अगस्त 2023 को केंद्रीय विद्यालय बनाड़, जोधपुर में स्वास्थ्य संरक्षण विशयक अतिथि व्याख्यान दिया। उन्होंने श्रोताओं को बच्चों की कुछ सामान्य बीमारियों के इलाज के साथ–साथ स्वस्थ जीवन शैली के फायदों के बारे में भी बताया। छात्रों के साथ संवाद सत्र के दौरान डॉ. त्यागी ने उनके कई प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यालय के प्रिंसिपल ने डॉ. मनाली को बुके और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।




### कुलपति महोदय का अतिथि व्याख्यान

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति स्नातकोत्तर रस शास्त्र विभाग, तिलक आयुर्वेद महाविद्यालय, पुणे द्वारा दिनांक 27 अगस्त 2023 को आयुर्वेदिक फार्मास्यूटिक्स के सिद्धांतों पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में आयोजकों द्वारा प्रो. प्रजापति का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आयुर्वेद फार्मास्यूटिकल्सके सिद्धान्तों का चिकित्सा में व्यावाहारिक उपयोगके सम्बन्ध में अतिथि व्याख्यान भी दिया।



### गर्भ संस्कार पर राष्ट्रीय कार्यशाला में कुलपति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति दिनांक 2 सितम्बर 2023 को गर्भ संस्कार पर आरोग्य भारती द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर परआरोग्य भारती, जोधपुर प्रान्त के अध्यक्ष श्री बीके.माथुर द्वारा बुके देकर उनका स्वागत कियागया। अपने संबोधन में प्रो. प्रजापति ने आज कपरिप्रेक्ष्य में गर्भ संस्कार के महत्व और उपयोगितापर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक वार्ष्णेय राष्ट्रीयसंगठन सचिव, आरोग्य भारती, डॉ. प्रशांत गुप्ता,राष्ट्रीय सचिव, आरोग्य भारती, श्री बी. एल. माथुर, अध्यक्ष, आरोग्य भारती, जोधपुर प्रांत, प्रो. पी. पी.व्यास डीन रिसर्च और सचिव आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत, श्रीमती अनुराधा आडवानी, डॉ. रश्मिशर्मा, डॉ. मोनिका वर्मा, डॉ. हेमन्त मेनारिया, डॉ. हेमन्त राजपुरोहित इस कार्यशाला में आदि उपस्थित थे।




### शिक्षक दिवस पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन एवं आरोग्यम् स्वास्थ्य पत्रिका और विश्वविद्यालय समाचारिकी व अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के पोस्टर का विमोचन

5 सितम्बर 2023 को शिक्षक दिवस समारोह के अवसर पर आयेजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धान्जली अर्पित की। प्रो. प्रजापति ने आयुर्वेद के माध्यम से "Recent Advances in Child Health Care Through Ayurveda" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेन्स 'कौमारकॉन 2023 का पोस्टर जारी किया गया, इसके साथ ही विश्वविद्यालय की आरोग्यम् स्वास्थ्य पत्रिका के प्रथम अंक और विश्वविद्यालय समाचारिकी के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया गया। इसी अवसर पर आयुर्वेद में कैरियर के विशाल अवसर शीर्षक पर एक अतिथि व्याख्यान मुंबई की प्रख्यात आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. मधुरा कुलकर्णी द्वारा दिया गया।



### कुलपति पद्मश्री प्रो रामहर्ष सिंह मेमोरियल

## सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित

प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति दिनांक 6/09/2023 को विश्व आयुर्वेद मिशन द्वारा पद्मश्री प्रो रामहर्ष सिंह मेमोरियल सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार प्रो. प्रजापति के शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा दिये गये अभूतपूर्व योगदान के परिपेक्ष में दिया गया। सम्पूर्ण विश्वविद्यालय परिवार द्वारा इस पुरस्कार हेतु अपारहर्ष व्यक्त किया गया और कुलपति महोदय को अनन्त बधाईयां प्रेशित की गई।



On Teachers' Day, 12 teachers from across the country received "Padma Shri Prof. Ram Harsh Singh Memorial Best Teacher Award": Prof. G.S. Tomar

*JE CORRESPONDENT*

PRAYAGRAJ: Smriti Shesh Guru Shrestha Padma Shri Prof. Ram Harsh Singh Ji, dedicated to education, always respected talent. He always encouraged teachers who were doing excellent work in the field of education, research and patient care In view of his ideology, the Executive Council of the Vishwa Ayurveda Mission has unanimously decided that in his memory, every year on the occasion of Teacher's Day, Best Ayurveda teachers from the country and abroad will be honored with

"Padmashree Prof. Ram Harsh Singh Memorial Best Teacher Award". For the year 2023, This honor will be given to Prof. Sanjeev Sharma, Honorable Vice Chancellor, Deemed to be University, NIA, Jaipur, Prof. PK Prajapati, Honorable Vice Chancellor, Sarvepalli Dr. Radhakrishnan Rajasthan Ayurved University, Jodhpur, Prof. KS Dhiman, Honorable Vice Chancellor, Shri Krishna Ayush University, Kurukshetra, Prof. Arun Kumar Tripathi, Honorable Vice Chancellor, Uttarakhand Ayurved University, Dehradun, Dr. Pooja Bhardwaj, former Director General AYUSH, Uttarakhand, Prof. Anup Thakar, Director, ITRA, Gujarat Ayurved University, Jamnagar, Prof K R Kohli, former Director Ayurveda, Maharashtra, Prof R N Acharya, Director General, CCRAS, Prof G P Upadhyay, Nagpur, Prof Y K Sharma, Paprola, Himachal Pradesh, Dr R K Yadav, All India Institute of Ayurveda, New Delhi and Dr. Ajay Pandey, Faculty of Ayurveda, BHU.

On this occasion, Dr. Avnish Pandey, Dr. Nirmala Tomar, Rajendra Singh, Pragyan Pandey etc. garlanded the portrait of Dr. Radhakrishnan, the former President of India, who was dedicated to the cause of education.

## प्रो महेंद्र कुमार शर्मा विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय के डीन नियुक्त



प्रो. महेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य/निदेशक पीजीआईए को कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा डॉ. एस.आर. राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में आयुर्वेद संकाय के डीनके रूप में नियुक्त किया गया। इस अवसर परसमस्त शिक्षकों ने कुलपति का आभार जताते हुए प्रो. शर्मा को बधाई दी।

## माननीय कुलपति ने विजन 2030 बैठक में भाग लिया

कुलपति प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने राज्य सरकार द्वारा आयोजित विजन 2030 बैठक में 14/09/2023 को बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिये। प्रो. प्रजापति ने अपने भाषण में आयुर्वेद सेवाओं के बेहतर बुनियादी ढांचे, आर्गेनिक हर्बल औषधीय पौधों की खेती, रोग के अनुसार आयुष अस्पताल, डिस्पेंसरी स्तर पर आयुष दवाओं की मुफ्त उपलब्धता, मॉडर्न साइंस के अनुसार नियम और वेतन संरचना पर जोर दिया। माननीय राज्य मंत्री, आयुष विभाग, श्री सुभाष गर्ग भी इस बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री भानु प्रकाश येदुरू भाासन सचिव, आयुष विभाग, डॉ. आनंद भार्मा निदेशक आयुर्वेद विभाग, प्रो. अभिमन्यु कुमार, पूर्व कुलपति, श्री प्रतीक झाझड़िया संयुक्त सचिव, आयुष विभाग, प्रो. राजेश कुमार शर्मा अध्यक्ष, राजस्थान आयुष यूजी/पीजी काउंसलिंग बोर्ड, जोधपुर सहित आयुर्वेद विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और छात्र उपस्थित थे।



स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा एसोसिएट प्रोफेसर की टीम द्वारा दिनांक 19/09/2023 को विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय में पहली बार सिजेरियन सेक्शन डिलीवरी सम्पन्न की गई। डॉ. मोनिश शर्मा निःचेतना विषेशज्ञ, डॉ. अजय हारित नियोनेटो–लॉजिस्ट, प्रोफेसर प्रेम प्रकाश व्यास डीन रिसर्च एवं एचओडी बालरोग, डॉ. हरीश कुमार सिंघल एसोसिएट प्रोफेसर बालरोग और डॉ. हेमंत कुमार सहायक प्रोफेसर स्त्री एवं प्रसूति तंत्र विभाग ने डिलीवरी के दौरान विभिन्न प्रक्रियाओं में सहयोग किया। महिला ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति ने इस उपलब्धि पर समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी और इसी प्रकार विश्वविद्यालय की गतिविधियों के विस्तार हेतु प्रेरित किया।



## कुलपति का आर्युज्ञान सम्मेलन में व्याख्यान कुलपति प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, ने आयुष शिक्षा

विभाग और उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून में आयोजित आयुर्ज्ञान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शोभा बढ़ाई। प्रो. प्रजापति ने सम्मेलन में एक पूर्ण वैज्ञानिक सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने सामंजस्यपूर्ण परंपराओंः आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा का तालमेल विषय पर एक ज्ञानपूर्ण व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान के दौरान प्रो. प्रजापति ने दवा वितरण प्रणाली, खुराक, विभिन्न बीमारियों परहर्बोमिनरल तैयारियों की सुरक्षा औरप्रभावकारिता, आधुनिक चिकित्सा के साथ आयुषके एकीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया किसभी स्वास्थ्य विज्ञानों का एकीकरण आज के युगकी मांग है। उन्होंने अपने व्याख्यान में बच्चों काविशेषकर दूध पिलाने के दौरान गैजेट

औरमोबाइल से दूर रहने की सलाह दी।



## पीजी और यूजी गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन

राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री, श्री अशोक गहलोत, ने 25 सितंबर 2023 को उम्मेद स्टेडियम, जोधपुर में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पीजी और यूजी गर्ल्स हॉस्टल के नवीन निर्मित भवनों का उद्घाटन किया। इन भवनों का निर्माण ..... करोड़ की लागत से किया गया है। इनके उद्घाटन के पश्चात् इनमें ........ छात्राएं रह सकेगी।




## कुलपति के अथक प्रयासों से विश्वविद्यालय में शिक्षकों की ऐतिहासिक पदोन्नति प्रक्रिया सम्पन्न होने पर कुलपति का अभूतपूर्व अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान विश्वविद्यालय शिक्षक कल्याण संघ ने आयुर्वेद के संकाय सदस्यों को पदोन्नति प्रदान किये जाने के उपरान्त कुलपति प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति का आभार व्यक्त करने के लिए एक अभूतपूर्व अभिनंदन कार्यक्रम 28 सितम्बर 2023 को आयोजित किया। कुलपति के अथक प्रयासों से कई वर्शों से लम्बित 20 शिक्षकों की ऐतिहासिक डीपीसी प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इस डीपीसी द्वारा 7 शिक्षकों प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा कायचिकित्सा विभाग, प्रो. प्रेमप्रकाश व्यास कौमारभृत्य विभाग, डॉ. चन्दन सिंह द्रव्यगुण विभाग, डॉ. नीलिमा रेड्डी प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. गोविन्द गुप्ता रोग निदान विभाग, डॉ. राजेश गुप्ता शल्य तंत्र विभाग एवं डॉ. राजेश भार्मा क्रिया शरीर विभाग को एसोसिएट प्रोफेसर के पद से प्रोफेसर तथा 13 शिक्षकों डॉ. हरीश सिंघल कौमारभृत्य विभाग, डॉ. ब्रह्मानन्द शर्मा कायचिकित्सा विभाग, डॉ. ज्ञान प्रकाश शर्मा पंचकर्म विभाग, डॉ. विष्णुदत्त शर्मा शल्य तंत्र विभाग, डॉ. देवेन्द्र सिंह चाहर मौलिक सिद्वान्त विभाग, डॉ. दिनेश शर्मा क्रिया भारीर विभाग, डॉ. भयोराम भार्मा रचना शरीर विभाग, डॉ. अरुण दाधीच रोग निदान विभाग, डॉ. रितु कपूर अगद तंत्र विभाग, डॉ. रश्मि शर्मा प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. मनीशा गोयल रस भाास्त्र विभाग, डॉ. राजेन्द्र पूर्बिया द्रव्यगुण विभाग, डॉ. मनोज अदलखा द्रव्यगुण विभाग, को असिस्टेंट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर पदोन्नत किया गया। प्रो. प्रजापति ने बताया कि नए पदनाम से सभी पदोन्नत शिक्षकों के कंधों पर नई जिम्मेदारियां आ गई हैं। उन्होंने सभी पदोन्नत संकाय सदस्यों से आयुर्वेद विश्वविद्यालय के उन्नयन में अपना विशिष्ट योगदान देने का वादा लिया। उन्होंने कहा कि शेष शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ देने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन प्रयासरत है। इस अवसर पर विश्व आयुर्वेद परिषद अध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य प्रो गोविंद सहाय शुक्ल, डीन–रिसच प्रोफेसर पीपी व्यास, प्रो चंदन सिंह कार्यवाहकप्रिंसिपल पीजीआईए, मानव संसाधन विकास केन्दके निदेशक डॉ. राकेश कुमार भार्मा, प्रो राजेशकुमार शर्मा अध्यक्ष आयुष यूजी/पीजी काउंसलिंग बोर्ड और डॉ. श्योराम शर्मा अध्यक्ष शिक्षक कल्याण संघ, डॉ. देवेन्द्र चाहर उपाध्यक्ष, डॉ. ज्ञानप्रकाश शर्मा महासचिव, डॉ. अरुण दाधीच, डॉ. हरीश कुमार सिंघल कोषाध्यक्ष सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित थे। डॉ. श्योराम शर्मा ने कुलपति सहित रजिस्ट्रार श्रीमती सीमा कविया, वित्त नियंत्रक श्री मंगला राम बिश्नोई, एएओ श्री सुरेंद्र सिंह और इस पूरी प्रक्रिया मशामिल सभी स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर "How to Write and Publish A Scientific research Paper" विषय पर 30 अक्टूबर से 4 नवम्बर 2023 तक आयोजित होने वाली छह दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के ब्रोशर का भी कुलपति प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा विमोचन किया गया।



## विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार के आयुश विभाग हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्साधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न

विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार के आयुश विभाग हेतु आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्साधिकारियों की भर्ती प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई। इस हेतु विश्वविद्यालय परिसर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी के 787, होम्योपैथी चिकित्साधिकारी के 358 एवं यूनानी चिकित्साधिकारी के 249 पदों के लिए लगभग 3000 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया गया। जिसमें नोडल ऑफिसर श्रीमति सीमा कविया, समन्वयक डॉ राकेश शर्मा, सह समन्वयक डॉ. दिनेश रॉय एवं सदस्य प्रो. प्रेमप्रकाश व्यास, डॉ. देवेन्द्र चाहर, डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ.

नरेन्द्र राजपुरोहित, डॉ. नवनीत दाधीच, डॉ. राजीव सोनी के संयोजन में विश्वविद्यालय के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों द्वारा गहनता से जांच पडताल कर आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया गया। तदुपरान्त विभिन्न विहित प्रावधानों की अनुपालना करते हुये अस्थाई अंतिम वरीयता सूची तैयार कर आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्साधिकारी की नियुक्ति हेतु राज्य सरकार को भिजवाई गयी।

## डॉ हैनीमेन की 180 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित

3 जुलाई 2023 को ऑरगेनॉन विभाग द्वारा यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में डॉ हैनीमेन की 180 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। डॉ. पुनीत आर शाह ने विद्यार्थियों को होम्योपैथी चिकित्सा की विशेषता बताई। डॉ. जुनून अली एवं डॉ. दिशा सिंह ने डॉ. हैनीमेन की जीवनी के साथ उनके द्वारा होम्योपैथी के लिए किये गए कार्यों पर प्रकाश डाला। बी.एच.एम.एस. द्वितीय वर्ष की छात्रा मानसी कुमावत ने डॉ. हैनीमेन की जीवनी बताई एवं बी.एच.एम.एस. प्रथम वर्ष की छात्राओं दिविता व प्रियंका ने कार्यकम का संचालन किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण व चिकित्साधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## World Zoonoses Day पर सेमिनार का आयोजन

06 जुलाई 2023 को जागरुकता कार्यक्रम के तहत यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में सेमिनार का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ. अर्चना दुबे, सहायक आचार्य (कम्युनिटी मेडिसिन विभाग) ने पशु–पक्षियों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों, उनके लक्षणों एवं फैलने के तरीकों के बारे में अवगत कराया। साथ ही डॉ. डेजी भारद्वाज, सहायक आचार्य (कम्युनिटी मेडिसिन विभाग) द्वारा इन बीमारियों से बचाव, रोकथाम तथा इस संबंध में होम्योपैथी की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत आर शाह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए Zoonotic बीमारियों के बचाव, रोकथाम तथा संबंधित उपचार के लिए सामाजिक जागरूकता का मार्गदर्शन दिया। "World Zoonoses Day" कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अर्चना दुबे एवं डॉ. डेजी भारद्वाज द्वारा इस मौके पर उपस्थित सभी शिक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया।



## संगोष्ठी एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

विश्व जनसंख्या दिवस पर यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. अर्चना दुबे, डॉ. डेजी भारद्वाज द्वारा जनसंख्या दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. गणपत राज पुरी, प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ), जिला चिकित्सालय एवं प्राचार्य, राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय, केकड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. दुर्गेश रॉय, उप नियंत्रक, जिला चिकित्सालय, ने सुख और समृद्धि के विकल्प के रूप में परिवार नियोजन विषय पर छात्रों का ज्ञानवर्धन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. ब्रजेश गुप्ता, पूर्व प्रधान चिकित्सा अधिकारी (पीएमओ), ने जनसंख्या की वजह से संसाधनों पर पड़ते दबाव पर चर्चा की। मुख्य अतिथि ने जनसंख्या नियंत्रण एवं शिक्षा के महत्व को समझाते हुए होम्योपैथी महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में छात्र– छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार माननीय अतिथियों द्वारा वितरित किये गए। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुमार मीणा, सह–आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, होम्योपैथिक फार्मेसी विभाग, डॉ. आस्था, डॉ. देवेन्द्र, डॉ. स्वाति, डॉ. कनुप्रिया द्वारा लिखित जनसंख्या और जनजागृति एवं मेरा जीवन मेरा पर्यावरण पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. पुनीत आर शाह द्वारा सभी का धन्यवाद् दिया गया। इस अवसर पर डॉ मधुबाला रजक, डॉ राजेंद्र आचार्य, डॉ. रश्मि अग्रवाल, डॉ संगीता जैन, डॉ जुनून अली, डॉ दिशा, डॉ नीता, डॉ दान सिंह, डॉ अंशुल, डॉ भारत सहित सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक तथा अस्पताल कर्मचारी उपस्थित रहे।




## नेत्रश्लेष्मकलाशोथ (आई फ्लू) रोकधाम अभियान के दौरान 12000 छात्र–छात्राओं को दवा वितरण

नेत्रश्लेष्मलाशोथ रोकथाम अभियान के दौरान यूनिवर्सिटी

कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में 12000 छात्र – छात्राओं को दवा वितरित कर बड़ा लक्ष्य हासिल किया है। इस मौके पर समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान गोविन्द नारायण शर्मा, मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी, केकड़ी ने समस्त टीम को बधाई देते हुए समय समय पर इस प्रकार के अभियान चलने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अभियान के मुख्य संयोजक डॉ. राजेश कुमार मीणा, सह–आचार्य ने जानकारी दी कि अभियान के दौरान मात्र 5 दिन में 35 संस्थानों एवं कार्यालयों के 12000 छात्र – छात्राओं एवं कर्मचारियों को दवा के साथ साथ आवश्यक सावधानियों की जानकारी से भी अवगत करवाया। सह संयोजक डॉ दान सिंह मीणा, सह–आचार्य ने अभियान में अपनायी गयी सभी वैज्ञानिक एवं नैदानिक प्रक्रिया के विषय में अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ मधुबाला रजक एवं डॉ संगीता जैन के द्वारा किया गया। डॉ अंशुल एवं डॉ आस्था माथुर ने नेत्रश्लेष्मकलाशोथ (आई फ्लू) के वैज्ञानिक पहलुओं से अवगत करवाया। इस अवसर BHMS के छात्र – छात्राओं ने अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम के अंत में श्रीमान मुख्य खंड शिक्षाअधिकारी, केकड़ी ने सभी चिकित्सालय कर्मचारियों के साथ नेत्रश्लेष्मकलाशोथ (आई फ्लू) का अवलोकन कर सभी कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।



## चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में नई पहल

केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के साथ राष्ट्रीय सहयोग की पहल के तहत यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में दिनांक 12–09–2023 को ओरिएंटेशन वेबीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनुसंधान और चिकित्सा शिक्षा को जोड़ने के विषय पर चर्चा की गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार मीणा ने बताया कि केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद और यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी, केकड़ी के मध्य हुए समझौते (MoU) के तहत इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे तथा क्षेत्र में होम्योपैथी चिकित्सा अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। जिससे स्थानीय जनता को भी स्वास्थ्य लाभ मिलता रहेगा। आयोजन में केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. सुभाष कौशिक ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। डॉ. सुनील रामटेक, अतिरिक्त महानिदेशक ने परिषद के कार्यों का विवरण दिया। डॉ. देवदत्ता नायक ने चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान को एक मंच पर लाने पर जोर दिया। डॉ. अनुप्रिया ने विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी देते हुए छात्र–छात्राओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



## स्तनपान की आवश्यकता एवं महत्व जागरूकता शिविर का आयोजन

स्तनपान सप्ताह के दूसरे दिन स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की तरफ से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में स्तनपान सप्ताह के बारे में जागरुकता शिविर का आयोजन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सहायक आचार्य डॉ निर्मला शर्मा ने किया और स्तनपान की आवश्यकता एवं महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ दिशा सिंह सह आचार्य ऑर्गेनान ऑफ मेडिसिन एंड फिलोसॉफी, ने **स्तनपान के मातृस्वास्थ्य लाभ** विषय पर विस्तृत जानकारी दी और मातृत्व के समय खानपान के बारे में बताया। डॉ अंजली ठाकुर सह आचार्य ने स्तनपान भ्रांतियां और तथ्य एवं स्वयं के स्तर वर स्तन निरीक्षण के बारे में जानकारी साझा की । डॉ खुशबू यादव सहायक आचार्य फिजियोलॉजी ने स्तनपान के लिए जागरूकता ही जरूरी नहीं परिवार और समाज का समर्थन भी आवश्यक विशय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य भगवती मीणा, उप प्राचार्य संतोष विजयवर्गीय, उप प्राचार्य शांति सामंत, व्याख्याता विजयलक्ष्मी मीणा, मीता व्यास, आभा चुंडावत, मीना चौहान, सुनीता गोयल, रानी आर्य, इंद्रा शर्मा, अंतिमबाला, रेखा माहेश्वरी मौजूद रहे। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथिक से डॉ राजेश कुमार मीणा, स्टाफ नर्स पूजा सेन, सुरता एवं श्री शंकर लाल ने तकनीकी सहायता की ।



## युवामन्थन 20 के अन्तर्गत "वसुधैव कुटुम्बकम्" विषय पर कार्यक्रम आयोजित

यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी, केकड़ी में युवामन्थन 20 के अन्तर्गत "वसुधैव कुटुम्बकम्" पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. कनुप्रिया, सहायक आचार्य, ऑर्गनॉन ऑफ

मेडिसिन एंड फिलोसफी, डॉ. निर्मला शर्मा, सहायक आचार्य, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं डॉ. स्वाति शर्मा सहायक आचार्य सर्जरी द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. कनुप्रिया द्वारा युवामन्थन 20 पर विश्व में चल रहे विभिन्न मुद्दे एवं भारत द्वारा की गई अगवानी के बारे में जानकारी दी गई। इसके उपरांत छात्र–छात्राओं द्वारा युवामन्थन 20 के बारे में live Demo दिया गया जिसमें विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व किया और उनकी समस्याओं और समाधान पर वार्तालाप की। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. पुनीत आर शाह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## विकसित राजस्थान मिशन, 2030 दस्तावेज हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

कार्यालय, मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, केकड़ी द्वारा दिनांक 28 अगस्त, 2023 को विकसित राजस्थान मि ान–2030 दस्तावेज हेतु एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मिशन को ध्यान में रखते हुए विकास के लिए सुझावों पर चर्चा की गयी । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ राजेश शर्मा, सयुंक्त निर्देशक चिकित्सा एवं स्वास्थय विभाग , जयपुर एवं डॉ जी आर पुरी, प्रधान चिकित्सा अधिकारी, केकड़ी, डॉ उदाराम, मुख्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, केकड़ी ने अध्यक्षता की। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होमियोपैथी, केकड़ी की तरफ से डॉ राजेश कुमार मीणा, सह – आचार्य होम्योपैथिक फार्मेसी विभाग, डॉ आस्था माथुर, सहायक –आचार्य होम्योपैथिक फार्मेसी विभाग, डॉ गौरव गुप्ता, सहायक –आचार्य फॉरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग एवं छात्र उपस्थित रहे। डॉ राजेश मीणा सह – आचार्य ने इंटेग्रेटेड मेडिसिन पर जोर देते हुए अंतर्राष्ट्रीय महत्व का इंटीग्रेटेड मेडिसिन संस्थानविकसित किए जाने पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ गौरव गुप्ता सहायक –आचार्य द्वारा मानसिक रोगो का इंटीग्रेटेड उपचार विशय पर विचार प्रस्तुत किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन

स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर द्वारा 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, श्री बाबूलाल जी और सम्मानित अतिथि, श्री भजन लाल शर्मा (प्रदेश महासचिव भाजपा) और श्री नारायण लाल पंचारिया (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं पूर्व सदस्य राज्यसभा), डॉ. एस. एस. अग्रवाल (स्वास्थ्य कल्याण समूह के अध्यक्ष), सीईओ डॉ. सर्वेश अग्रवाल और दीन एसकेजी अरुण चौगले भी उपस्थित रहे। एकता और स्वतंत्रता की भावना को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु महाविद्यालय में वृक्षारोपण भी किया गया। इसमें संकाय सदस्यों, एवं बीएचएमएस छात्रों द्वारा चमेली, तुलसी, अशोक जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।



## आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन

7 अक्टूबर 2023 को स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और रिसर्च सेंटर, जयपुर द्वारा भारत का प्राचीन योग क्या है विषय पर आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पीबीके अमोल भाई ने आध्यात्मिकता के वास्तविक अर्थ पर प्रकाश डाला। सेमिनार की शुरुआत मंत्रमुग्ध कर देने वाले ध्यान योग सत्र से की गई और फिर उन्होंने दुनिया के भविष्य के उज्जवल पक्ष को बनायें रखने हेतु आध्यात्मिक दृष्टिकोण के बारे में जानकारी दी और बेहतर कल्याण के लिए अधिक आध्यात्मिक रूप से समर्पित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. योगेश्वरी गुप्ता ने सभी प्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।




## यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ यूनानी, टोंक में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विविध गतिविधियां आयोजित

अपेंडिसाइटिस के प्रबंधन में व्याप्त चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान का आयोजन डॉ. रिजवानुल्लाह, सहायक प्रोफेसर, जराहत (सर्जरी) विभाग ने दिनांक 03/07/2023 को अपेंडिसाइटिस के प्रबंधन में पेश आने वाली चुनौतियाँ विषय पर अपना व्याख्यान दिया। इस रोग से जुड़ी सामान्य शल्य प्रक्रियाओं को बड़े सरल रूप

समझाया। उन्होंने अपने व्याख्यान के दौरान यूनानी चिकित्सा में शल्य चिकित्सा में निपुणता के लिए शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

### दो तरीकों से तैयार किए गए कुश्ता खबसुल हदीद (केकेएच) के वर्णन में विशेष तकनीकों का अनुप्रयोग पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. हकीक अहमद सह प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, इल्मुल अद्विआ (यूनानी फार्माकोलॉजी) विभाग ने अपने व्याख्यान में दो तरीकों से तैयार किए गए कुशता खबसुल हदीद के विश्लेषण पर दिनांक 10/07/2023 को विस्तृत जानकारी दी एवं यूनानी फार्माकोलॉजी में उपयोग की जाने वाले उन्नत विश्लेषण तकनीकों पर प्रकाश डाला।

### एसाईटिस विषय पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. खालिद अली खान सह प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, इल्मुल जराहत विभाग ने एसाईटिस के विषय पर दिनांक 17/07/2023 को व्याख्यान दिया। उन्होंने इस चिकित्सा स्थिति के निदान और उपचार में अपनी विशेषज्ञता को साझा किया और अपना मूल्यवान दृष्टिकोण प्रस्तुत किया ।

### ब्लेफराइटिस विशय पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. मुश्ताक़ अहमद सह प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष ENT विभाग ने ब्लेफराइटिस विशय पर दिनांक 24/07/2023 को प्रकाश डाला एवं सामान्य नेत्र विकार के प्रबंधन के बारे में बताया।

### जनरलाइज्ड एंजाइटी डिसऑर्डर विषय पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. मोहम्मद अलीम सहायक प्रोफेसर, मोअलाजात विभाग ने जनरलाइज्ड एंजाइटी डिसऑर्डर के बारे में दिनांक 31/07/2023 को व्याख्यान दिया। उन्होंने इस मानसिक स्थिति की जटिलताओं की चर्चा की और यूनानी चिकित्सा के अनुसार इसके उपचार के बारे में बताया।

### तबियत विषय पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. मोहम्मद अकमल सह प्रोफेसर, तहफ़ुज़ी व सामाजिक तिब, विभाग ने यूनानी चिकित्सा में तबियत विशय पर दिनांक 07/08/2023 को एक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने तबियत और स्वास्थ्य के बीच के संबंध, स्वच्छता के महत्व को प्राथमिकता देने के बारे में विस्तार से बताया।

### दवा, गिज़ा, और ज़ुलख़ासा पर व्याख्यान का आयोजन

डॉ. मोहम्मद उज़ैर बेग, इल्मुल अदविआ विभाग ने दिनांक 14/08/2023 को आयोजित व्याख्यान में दवा, गिज़ा, और ज़ुलख़ासा के बारे में बताया। उन्होंने यूनानी परंपरा के अनुसार अच्छे स्वास्थ्य की रक्षा में दवा, पोषण, और जीवन शैली की भूमिका को स्पष्ट किया।

### साहित्यिक कार्य को सुगम बनाने के लिए उन्नत अनुसंधान उपकरण

डॉ. मोहम्मद ज़की अहमद, सहायक प्रोफेसर, इलाज बित तदबीर विभाग ने साहित्यिक प्रयासों को सुगमता से अंजाम देने के लिए दिनांक 21/08/2023 को आयोजित व्याख्यान में महाविद्यालय में उपलब्ध उन्नत अनुसंधान उपकरणों का उपयोग कर, यूनानी विश्वविद्यालय, टोंक में रिसर्च राइटिंग के प्रति रुझान को बढ़ाने और इससे जुड़ी बारीकियों को समझने में बताते हुए प्रेरित किया।

### आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन गोदग्राम भटिंडा

भटिंडा में दिनांक 27/07/2023 को नियमित मासिक चिकित्सा शिविर, विषेश नशा मुक्ति शिविर के साथ–साथ विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में असिसटेंट प्रोफेसर डॉ. भानुप्रिया चौधरी तथा डॉ. प्रवीण प्रजापति ने सामान्य रोगों तथा नशा करने वाले रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया। इस अवसर पर प्रो. गोविन्द गुप्ता नोडल अधिकारी, प्रो. चंदन सिंह सह–नोडल अधिकारी एवं एसोसिएट प्रो. डॉ. संजय श्रीवास्तव एवं माननीय विधायक श्री हीराराम मेघवाल उपस्थित थे।



### केरू–मनाई

पंचायत मनाई– पंचायत समिति केरू जोधपुर में दिनांक 26/07/2023 को एक दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अर्श, भगन्दर, सन्धिगत रोग, ज्वर आदि रोगों के 93 रोगियों को निः शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औशधियॉं उपलब्ध करायी गयीं। आयुर्वेद चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विष्णुदत्त शर्मा, शल्य तंत्र विभाग, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमित गहलोत रचना भाारीर विभाग, पी.जी. अध्येता डॉ मनोज मथुरिया, डॉ. संजय गुर्जर, कंपाउंडर राहुल भाटी एवं सत्यनारायण प्रजापत तथा एम्बुलेन्स परिचालक श्री खियाराम ने अपनी सेवाएं दी।



### बावड़ी

चिकित्सालय विभाग से चलचिकित्सा इकाई द्वारा गांव बावड़ी के राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में दिनांक 12/07/2023 को एक दिवसीय आयुर्वेद

चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस शिविर के प्रभारी डॉ. दिलीप कुमार व्यास एवं डॉ. दिव्या सिंह चारण ने बताया कि चिकित्सा शिविर में 115 कटिशूल, संधिवात, त्वकविकार, पाण्डु, प्रतिश्याय, कास, भवास, उदावर्त, नेत्र विकार आदिरोगों से पीड़ित रोगियों ने चिकित्सा लाभ लिया। चिकित्सालय की टीम ने बावड़ी गांव में शिविर हेतु व्यवस्था करवाने के लिए विद्यालय के प्राचार्य महोदय एवं अन्य आमजन का आभार व्यक्त किया। शिविर संचालन में पीजी अध्येता डॉ. राकेश कटारा, डॉ. अली मोहम्मद, कंपाउंडर राहुल ने सहयोग किया।



## लोरड़ी पंडितजी गांव

दिनांक 2 अगस्त 2023 को मोबाइल इकाई द्वारा डॉ. नवनीत दाधीच एवं डॉ. अवधेश शांडिल्य के नेतृत्व में जोधपुर के लोरड़ी पंडितजी गांव में एक दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रो. प्रमोद कुमार मिश्रा चिकित्सालय अधीक्षक ने बताया कि शिविर में नेत्राभिष्यंद, ज्वर, संधिगत वात, वात व्याधि आदि से पीड़ित 108 मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ–साथ आयुर्वेद औषधि का निःशुल्क वितरण किया गया।



## गोद ग्राम भटिंडा

विश्वविद्यालय चल चिकित्सा इकाई द्वारा दिनांक 16 अगस्त 2023 को गोद ग्राम भटिंडा, जोधपुर में एक दिवसीय आयुर्वेद चल चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संधिगत रोग एवं सामान्य बीमारियों जैसे नेत्राभिष्यंद, त्वक रोग, प्रतिश्याय, अर्श, सन्धिगत रोग, ज्वर, स्त्री रोग आदि के 150 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधियाँ उपलब्ध करायी गयी। शिविर प्रभारी सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियंका इनानियाँ स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग और डॉ. रामेश्वर डूडी असिस्टेंट प्रोफेसर मौलिक सिद्धांत विभाग ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली व योग पर व्याख्यान दिया। पीजी अध्येता डॉ. रितुराज शर्मा, डॉ अशोक सेन, कंपाउंडर राहुल भाटी एवम् पूरण सिंह तथा एम्बुलेन्स परिचालक श्री खियाराम ने अपनी सेवाएं दी।



## जूना रामद्वारा, चांदपोल, जोधपुर

आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा जूना रामद्वारा, चांदपोल, जोधपुर में एक दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का दिनांक 23 अगस्त 2023 को आयोजन किया गया, जिसमें उच्च रक्तचाप, गठिया, त्वचा रोग, मधुमेह एवं स्त्री रोग आदि के 44 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधियां उपलब्ध करायी गयीं। आयुर्वेद चिकित्सालय के अधीक्षक प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शिविर प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार सहायक प्रोफेसर पीजी प्रसूति तंत्र विभाग एवं स्त्री रोग, डॉ. हेमन्त राजपुरोहित सहायक प्रोफेसर स्वस्थवृत्त विभाग, पीजी स्कॉलर डॉ. कंचन, डॉ. प्रियंका, कम्पाउण्डर राहुल भाटी, सत्यनारायण एवं खीया राम ने अपनी सेवाएँ दी।



## मंडलनाथ चौराहा

संजीवनी आयुर्वेद चिकित्सालय की मोबाइल चिकित्सा इकाई द्वारा मंडलनाथ चौराहे पर बाबा रामदेव के तीर्थयात्रियों के लिए 2 सितम्बर 2023 को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ. राजीव सोनी, डॉ. नीतू शर्मा और डॉ. एकता ने सेवाएँ प्रदान कीं। इस अवसर पर विभिन्न बीमारियों के 108 मरीज लाभान्वित हुए।



## मणाई ग्राम

दिनांक 27/09/2023 को वि वविद्यालय के चिकित्सालय की चल चिकित्सा इकाई द्वारा मणाई ग्राम में एक दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सन्धिगत रोग, त्वक् विकार, ज्वर, अतिसार, स्त्री रोग, प्रतिश्याय आदि रोगों के 98 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं औषधियाँ उपलब्ध करायी गयी। शिविर प्रभारी डॉ. जोगेंदर राव असिस्टेंट प्रोफेसर, रोग एवम

विकृति विज्ञान विभाग, डॉ. अमित गहलोत असिस्टेंट प्रोफेसर रचना शारीर विभाग, पीजी अध्येता डॉ. मनोज मथुरिया, डॉ. मोहित सैनी, कंपाउंडर राहुल भाटी एवम् सत्यनारायण प्रजापत तथा एम्बुलेन्स परिचालक श्री खियाराम ने अपनी सेवाएं दी।



## वृक्षारोपण कार्यक्रम

### कुलपति द्वारा वनौशधि उद्यान में वृक्षारोपण

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा सोमवती एवं हरियाली अमावस्या के अवसर पर दिनांक 17/07/2023 को विश्वविद्यालय परिसर में स्थित वनौशधि उद्यान में वट, अश्वत्थ, पीपल एवं बिल्व के पौधों का रोपण किया गया। कुलपति ने बताया कि वट वृक्ष और बिल्व में भगवान शिव और अश्वत्थ में ब्रह्मा, विष्णु और भगवान शिव का वास होता है। सोमवती अमावस्या के दिन इन वृक्षों को लगाने का विषेश महत्व है। इस अवसर पी.जी. द्रव्यगुण विभाग के अध्यक्ष प्रो. चंदन सिंह, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पूर्विया एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रभारी हर्बल गार्डन एवं विभाग के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।



### श्रावण मास के प्रथम सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में गोक्षुर का वृक्षारोपण

कुलपति प्रो. वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति द्वारा श्रावण मास के प्रथम सोमवार दिनांक 10/07/2023 को विश्वविद्यालय परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर प्रो. प्रजापति ने विभिन्न विकारों के प्रबन्धन में रुद्राक्ष के महत्व और उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने निर्देश दिये कि विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम निरन्तर जारी रखा जाए। इस अवसर पर पी.जी.आई.ए प्राचार्य प्रो. महेन्द्र कुमार शर्मा, द्रव्यगुण विभागाध्यक्ष प्रो. चन्दन सिंह, हर्बल गार्डन प्रभारी डॉ. राजेन्द्र पूर्विया और डॉ. नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित सहित अनेक संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित थे।



### फार्मेसी में वृक्षारोपण आयोजित

कुलपति प्रो वैद्य प्रदीप कुमार प्रजापति, ने विश्वविद्यालय की फार्मेसी में दिनांक 26/09/2023 को वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर प्रो चंदन सिंह विभागाध्यक्ष द्रव्यगुण विभाग, डॉ. विजयपाल त्यागी निदेशक फार्मेसी, डॉ. राजेंद्र पूर्विया एसोसिएट प्रोफेसर द्रव्यगुण विभाग, डॉ. मनीषा गोयल एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ. नरेंद्र पुरोहित असिस्टेंट प्रोफेसर द्रव्यगुण विभाग, और डॉ. संगीता इंदौरिया असिस्टेंट प्रोफेसर सहित अनेक संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित थे।




**संरक्षक**
प्रो. (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति
कुलपति

**उप संरक्षक**
श्रीमती सीमा कविया RAS
कुलसचिव

**सम्पादक**
डॉ. राकेश कुमार शर्मा
निदेशक, मानव संसाधन विकास केन्द्र

**सह-सम्पादक**
डॉ. हरीश कुमार सिंघल
एसोसियेट प्रोफेसर, कौमारभृत्य

डॉ. अरुण दाधीच
एसोसियेट प्रोफेसर, रोग व विकृति विज्ञान

डॉ. मोनिका वर्मा
एसोसियेट प्रोफेसर, मौलिक सिद्धान्त

डॉ. भानुप्रिया चौधरी
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, काय चिकित्सा

डॉ. हेमन्त कुमार
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, प्रसूति तंत्र एवं स्त्री रोग

डॉ. अशोक कुमार यादव
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, कौमारभृत्य



**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय**
कड़वड़, नागौर रोड, राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 65, जोधपुर (राज.)
Phone : 0291-2795312, Fax : 0291-2795300
E-mail : rau_jodhpur@yahoo.co.in
Website : https://department.rajasthan.gov.in/home/dptHome/221



स्वत्त्वाधिकारी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिए डॉ. राकेश कुमार शर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर, रचना शारीर विभाग द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित तथा भण्डारी प्रिन्टसिटी, 23-ए, इण्डस्ट्रीयल एरिया गली नं. 1, न्यू पावर हाउस के पीछे, डीजल शेड रोड, जोधपुर से मुद्रित एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, कड़वड़ नागौर रोड, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ. राकेश कुमार शर्मा


भारत सरकार की सेवार्थ

प्रिण्टेड बुक

सेवा में

........................................

........................................

........................................

........................................